Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 324 रायपुर, बुधवार 18 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मैनपुर में अनवर ढेबर के रिश्तेदार के घर ईडी का छापा, 10 से ज्यादा वाहन में पहुंची टीम





**गरियाबंद,** 18 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आज फिर से ईडी का छापा पड़ा है. ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने आज सुबह-सुबह राजधानी के मोहदापारा में चावल कारोबारी रफीक मेमन के घर और गरियाबंद के मैनपुर में कारोबारी इकबाल मेमन के घर पर छापा मारा है. मैनपुर में सुबह 6 बजे से छापे के लिए ईडी की टीम 10 से ज्यादा वाहनों में पहुंची है. यह कार्रवाई पिछले दो सालों में दो करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति खरीदने को लेकर की जा रही है.

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले जाड़ापदर में बनाए गए राइस मिल को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया था. यह मिल इकबाल के बेटे गुलाम द्वारा बनाया जा रहा था. विवाद बढ़ने के पर ग्रामीणों ने श्वष्ठ के पास पहुंचकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप था कि बेरोजगार गुलाम मेमन द्वारा पिछले एक डेढ़ साल में मैनपुर में दो करोड़ से ज्यादा की संपति खरीदी गई है. शिकायत में गुलाम को चर्चित अनवर ढेबर का मौसेरा भाई बताया गया था. कहा जा रहा इसी शिकायत की पुष्टि के बाद आज ईडी की टिम ने छापामार कार्यवाही शुरू किया है. वहीं राजधानी के मोहदापारा इलाके में भी ईडी ने दबिश दी है. यहां चावल कारोबारी रफीक मेमन के घर ईडी की छापेमार कार्रवाई जारी है. आशंका जताई जा रही है कि छ्रस्रू घोटाले मामले में ईडी ने चावल कारोबारी के घर रेड डाली है.

## मत विभाजन के समय लोकसभा से गायब रहे भाजपा के 20 सांसद को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। मंगलवार को केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा में एक देश, एक चुनाव संबंधी विधेयक पेश किया गया। इस दौरान हुए मत विभाजन के दौरान भाजपा के करीब 20 सांसद अनुपस्थित रहे जिससे मोदी सरकार की काफी किरकिरी हो रही है। हम आपको बता दें कि इस महत्वपूर्ण समय पर अनुपस्थित रहने वाले सांसदों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गिरिराज सिंह, सीआर पाटिल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और भागीरथ चौधरी के अलावा कई नामी सांसद हैं। भाजपा ने अनुपस्थित रहने वाले सांसदों को नोटिस भेज कर कारण पूछा है और उनकी अनुपस्थिति की जांच कर रही है।

### पार्टी नेतृत्व नाराज

हम आपको बता दें कि भाजपा ने तीन लाइन का एक व्हिप जारी करके अपने सभी सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने को कहा था, लेकिन इतने सारे सांसदों की अनुपस्थिति से पार्टी नेतृत्व नाराज है। हालांकि, बताया जा रहा है कि कई सांसदों ने व्यक्तिगत और काम से संबंधित कारणों से अपनी अनुपस्थिति के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था। एक वरिष्ठ नेता ने इस बारे में कहा, ''हम उनकी अनुपस्थिति के पीछे के कारणों की निश्चित रूप से जांच कर रहे हैं। कुछ के पास वास्तविक कारण थे।'' भाजपा इस बात पर भी गौर कर रही है कि सहयोगी दलों के सांसद किन कारणों से अनुपस्थित रहे थे। दरअसल इस विधेयक को पारित होने के लिए दो तिहाई बहुमत जरूरी है लेकिन अगर भाजपा को अपने सहयोगी दलों का ही साथ नहीं मिलेगा तो इस पर आगे बढ़ना मुश्किल हो जायेगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कांग्रेस के प्रदर्शन के बीच संसद में पीएम मोदी से मिले शरद पवार

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने किसानों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आज संसद में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक में अनार उद्योग से संबंधित चुनौतियों, विशेषकर किसानों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। किसानों की चिंताओं के बारे में मुखर रहने वाले पवार ने मुद्दों के समाधान और कृषि क्षेत्र के लिए समर्थन सुनिश्चित करने के लिए प्रधान मंत्री के हस्तक्षेप की मांग की। वहीं दूसरी तरफ पंजाब भर में ट्रेनों की आवाजाही बुधवार को बाधित होने की संभावना है क्योंकि किसान तीन घंटे के रेल रोको विरोध के तहत दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रेलवे पटरियों पर बैठे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा आयोजित, प्रदर्शन 23 जिलों में फैला है।



किसान कर्ज़ माफ़ी, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और 2021 लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय के साथ-साथ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। किसानों को सुनाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचते और अपने तीन घंटे के प्रदर्शन के लिए रेलवे पटरियों पर बैठने की तैयारी करते हुए दिखाया गया है। संगरूर से आ रही एक ट्रेन को रोकते हुए दिखाया गया है. फ़िरज़ोपुर के दृश्यों में किसानों को रेलवे पटरियों पर बैठे और सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए दिखाया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में वन क्षेत्र से हथियार, गोला-बारूद बरामद

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने हथियार, गोला-बारूद और मादक पदार्थों का जखीरा बरामद किया है। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सेना और पुलिस ने मंगलवार को नियंत्रण रेखा के पास तंगधार के अमरोही इलाके में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तलाश अभियान के दौरान चार पिस्तौल, छह मैगजीन, लगभग चार किलोग्राम मादक पदार्थ और अन्य हथियार बरामद किए गए।'' इसमें कहा गया, ''चिनार कोर कश्मीर को आतंक मुक्त रखने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।




चूहा- सुनती हो, अमित शाह कह रहे हैं हमारा लोकतंत्र तो पाताल तक गहरा है।
चुहिया- हां जी, लेकिन लोकतंत्र तको तो आसमान तक ऊंचा होना चाहिए।

## अम्बेडकर की विरासत को मिटाने की हर संभव कोशिश कर रही कांग्रेस : मोदी



**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बाबा साहब अंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी का बचाव किया और कहा कि शाह ने अंबेडकर का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर कर दिया है, जिसके बाद वे उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से स्पष्ट रूप से स्तब्ध और स्तब्ध हैं। एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रही, लेकिन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया

पीएम मोदी ने कहा, संसद में, अमित शाह जी ने डॉ. अंबेडकर का अपमान करने और एससी/एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से वे स्पष्ट रूप से स्तब्ध और स्तब्ध हैं, यही कारण है कि वे अब हैं नाटकीयता में लिप्त! उनके लिए, लोग सच्चाई जानते हैं! कांग्रेस जितनी चाहे कोशिश कर सकती है, लेकिन वे इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि एससी/एसटी समुदायों के खिलाफ सबसे भयानक नरसंहार उनके शासन में हुए हैं। वर्षों तक वे सत्ता में रहे, लेकिन एससी और एसटी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कुछ भी नहीं किया।

## सरकार ने विजय माल्या और नीरव मोदी से वसूले 22,000 करोड़



### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बताया

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुलासा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आर्थिक अपराधियों से निपटने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए पीड़ितों और सही दावेदारों को 22,280 करोड़ रुपये की संपत्ति सफलतापूर्वक बहाल की है। अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच पर बहस के दौरान लोकसभा में बोलते हुए, सीतारमण ने हाल के वर्षों में गलत तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को वापस लाने और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और धोखाधड़ी करने वाले निवेशकों को वापस करने के लिए ईडी द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रमुख मामलों में से, ईडी ने भगोड़े व्यवसायी विजय माल्या से संबंधित 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की है, जिसे बाद में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बहाल कर दिया गया था। इसी तरह, नीरव मोदी मामले से 1,052.58 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक और निजी दोनों बैंकों को वापस सौंप दी गई। मेहुल चोकसी के मामले में ईडी ने 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की हैं, जिन्हें अब नीलाम करने की तैयारी है। सीतारमण ने नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) घोटाले से 17.47 करोड़ रुपये की संपत्ति की वसूली का भी उल्लेख किया, जिसे योजना द्वारा धोखा दिए गए वास्तविक निवेशकों को वापस कर दिया गया था। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) पर, ईडी ने प्रमुख मामलों से कम से कम 22,280 करोड़ रुपये की संपत्तियों को सफलतापूर्वक बहाल किया है। हमने किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा है, भले ही वे देश छोड़कर भाग गए हों। हम उनके पीछे पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि ईडी ने यह पैसा इकट्ठा कर लिया है और सुनिश्चित किया है कि इसे बैंकों को वापस दिया जाए। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में आर्थिक अपराधों के खिलाफ सरकार के अडिग रुख को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि लड़ाई जोश के साथ जारी रहेगी।

## कल से शुरू हो रही रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर के लिए हवाई सेवा



**रायपुर,** 18 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के तहत रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को हवाई सेवा से जोड़ा जाएगा। इन तीनों शहरों के लिए विमानन कंपनी फ्लाईबिग ने 19 दिसंबर से उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को उड़ान भरेगी। शुरुआती किराया 999 रुपये है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बुकिंग करा सकते हैं। जानकारी के अनुसार 19 सीटर फ्लाइट गुरुवार सुबह नौ बजे अंबिकापुर के दरिमा एयरपोर्ट से रायपुर के लिए रवाना होगी। दोपहर एक बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर से अंबिकापुर के लिए उड़ान भरेगी।

इंडिगो एयरलाइंस ने 10 जनवरी से हैदराबाद-रायपुर-हैदराबाद के लिए दो उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। फ्लाइट क्रमांक 6ई7554 हैदराबाद से सुबह 6.45 बजे उड़ान भरेगी और 8.30 बजे रायपुर पहुंचेगी। फ्लाइट 6ई7555 रायपुर से सुबह 8.50 बजे उड़ान भरेगी और 10.45 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। फ्लाइट 6ई7533 हैदराबाद से शाम 4ः35 बजे उड़ान भरेगी और 6ः15 बजे रायपुर पहुंचेगी। फ्लाइट 6ई7534 रायपुर से शाम 6ः35 बजे उड़ान भरेगी और रात्रि 8.25 बजे हैदराबाद पहुंचेगी।

## भारत ने बांग्लादेश का रोका 90 फीसदी सामान

### हिंदुओं पर हमले के बाद भारत का बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली,** 18 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सांप को दूध पिलाने से वो डसना नहीं छोड़ेगा। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते में आई तल्खी अब व्यापार में भी दिखने लगी है। बांग्लादेश में लगातार बिगड़ते हालात और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार व मंदिरों पर हमले ने बारत के व्यापारियों को कड़ा फैसला लेने पर मजबूर कर दिया। भारत ने बांग्लादेश को साफ संदेश देते हुए 24 घंटे का अल्टीमेटम जारी किया है और 90 प्रतिशत सामानों की सप्लाई रोक दी है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर बढ़ते हमले, आर्थिक अस्थिरता और राजनीतिक उथल पुथल अब पूरे क्षेत्र के लिए खतरा बनता जा रहा है। जहां एक तरफ भारतीय व्यापारी अपने नुकसान का जोखिम उठाकर बांग्लादेश को झटका दे रहे हैं। वहीं अमेरिका भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपना रहा है। बांग्लादेश के हालातों को देखते हुए भारत के व्यापारियों ने एक बड़ा फैसला किया है।

भारत बांग्लादेश को ऑटोस्पेयर पार्ट्स का सबसे बड़ा सप्लायर है। 90 प्रतिशत से ज्यादा पार्ट्स भारत से जाते हैं। भारत के व्यापारियों ने कहा कि हिंदुओं पर हो रहे हमले और मंदिरों के तोड़फोड़ के विरोध में ये सप्लाई बंद की जा रही है। तो वहीं सब्जियों का एक्सपोर्ट रोकने की तैयारी भी है। पश्चिमी बंगाल के व्यापारियों ने 24 घंटे तक बांग्लादेश को सब्जियों की सप्लाई रोक दी है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि हालात नहीं सुधरे तो पांच दिनों तक आलू, प्याज और और अन्य सब्जियों की सप्लाई रोक दी जाएगी। असम और त्रिपुरा ने बांग्लादेश के साथ अपने व्यापार को पूरी तरह से बंद कर दिया। त्रिपुरा के प्राइवेट अस्पतालों ने भी बांग्लादेश के मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया।

## गुरू घासीदास जयंती पर राज्यपाल एवं नेता प्रतिपक्ष ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर,** 18 दिसम्बर। राज्यपाल रमेन डेका ने संत बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल डेका ने कहा कि महान संत बाबा गुरू घासीदास ने सामाजिक, आर्थिक, शोषण तथा जातिवाद, सामंतियों के अन्याय और अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठायी। उन्होंने मानव-मानव एक समान है का संदेश देकर सद्मार्ग में चलने का रास्ता दिखाया। डेका ने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा गुरू घासीदास शांति, समरसता और सद्भावना के प्रतीक हैं। समाज में व्यास भेदभाव एवं असमानता को दूर कर समता मूलक समाज स्थापित करने के लिए नई दिशा प्रदान करने में उनका अतुलनीय योगदान है। उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बाबा गुरू घासीदास जी से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की है। डॉ. महंत ने कहा है कि, बाबा गुरू घासीदास जी ने संपूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' के प्रेरक वाक्य के साथ यह संदेश दिया कि सभी मनुष्य एक समान है। डॉ. महंत ने कहा कि, ये हम सबका सौभाग्य है कि, वे छत्तीसगढ़ की धरा से है और हमारे छत्तीसगढ़ के अनमोल रत्न बाबा गुरू घासीदास जी का जीवन दर्शन और विचार मूल्य पूरी मानव जाति के लिए कल्याणकारी है। मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। डॉ. महंत ने कहा कि, बाबा गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। बाबा गुरु घासीदास के उपदेश आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणादायी हैं।

## छत्तीसगढ़ में आज से बदलेगा मौसम का मिजाज बस्तर समेत कई जिलों में बारिश की संभावना

### जशपुर में बर्फबारी से टाऊ की फसल को भारी नुकसान, किसानों को 35 करोड़ का नुकसान



**रायपुर/जशपुर,** 18 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड से आज थोड़ी राहत मिली है. राजधानी समेत कई जिलों में सुबह से बादल छाए हुए थे. 8 बजे के बाद धूप निकली. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रदेश में आज से मौसम का मिजाज बदलने वाला है. प्रदेश के बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में आज से 22 दिसंबर तक हल्की बारिश की संभावना जताई गई है. इधर जशपुर जिले में बर्फबारी के कारण करीब 5000 एकड़ में लगी टाऊ की फसल बर्बाद हो गई है। पाले की परत जमने से फसल के दाने खराब हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों से रोज सुबह फसल के ऊपर बर्फ की परत जम रही है,

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का सिस्टम बनने के कारण प्रदेश में नमी का आगमन हो रहा है. इसके चलते प्रदेश के बस्तर और मध्य जिलों में तापमान में वृद्धी हुई है. रायपुर में न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की वृद्धि हुई है. वहीं प्रदेश के उत्तरी भाग यानी सरगुजा संभाग में अब भी शीतलहर जारी है. इधर जशपुर जिले में बर्फबारी के कारण करीब 5000 एकड़ में लगी टाऊ की फसल बर्बाद हो गई है। पाले की परत जमने से फसल के दाने खराब हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों से रोज सुबह फसल के ऊपर बर्फ की परत जम रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि इस साल लगभग 35 करोड़ रुपये की टाऊ की फसल पठारी इलाकों में तैयार होने वाली थी। छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्से में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार को बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, अगले तीन दिनों में ठंड में थोड़ी राहत मिलने की संभावना है, क्योंकि नमी युक्त हवा से तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है। साथ ही, बस्तर संभाग में अगले दो दिन बारिश की संभावना है। टाऊ की फसल मुख्य रूप से तिब्बत के पहाड़ी इलाकों में होती है, और छत्तीसगढ़ में यह केवल सरगुजा और जशपुर जिलों में उगाई जाती है। 1 एकड़ में 3 से 4 लाख रुपये तक की टाऊ की उपज हो सकती है। हालांकि, कृषि विभाग को भी यह जानकारी नहीं है कि टाऊ का वास्तविक उपयोग क्या है। इसके अलावा, किसानों को मंडी के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण बिचौलिए फसल की कटाई के बाद इसे सस्ते दामों पर खरीद कर ले जाते हैं।